POSHAN Abhiyaan
PM's Overarching Scheme for Holistic Nourishment
सही पोषण - देश रोशन

HCL
HCL FOUNDATION

HCL Samuday

# पोषण ट्रैकर का प्रयोग कैसे करें ?






# पोषण ट्रैकर क्या है और किस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु विकसित किया गया है ?

पोषण ट्रैकर मोबाइल फ़ोन पर आधारित एप्लीकेशन है जिसको आंगवाड़ी कार्यकत्री के उपयोग हेतु रिपोर्टिंग टूल के रूप में विकसित किया गया है। यह ऐप वास्तविक समय निगरानी (रियल टाइम मॉनिटरिंग) प्रणाली पर आधारित होने के कारण विभाग को पोषण संबधी सेवाओं की गुणवत्ता सुधार एवं गुणवत्ता परक पोषण सेवाओं के वितरण हेतु त्वरित निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाएगा।

**उद्देश्य :**

- आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को अपने कार्य क्षेत्र में सभी लाभार्थियों को पोषण सेवाओं प्रदान किये जाने हेतु सभी आवश्यक जानकारियाँ सुगमता से पंजीकृत करने का अवसर प्रदान करना।
- तकनीक का उपयोग करते हुए आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा मैन्युअल रजिस्टर पर किये जा रहे पेपर वर्क को सुगम बनाना।
- आंगनवाड़ी केंद्रों द्वारा प्रदान की गई पोषण सेवाओं की गुणवत्ता की वास्तविक समय में निगरानी करना।
- सुपरवाइजर एवं अधिकारी स्तर को त्वरित निर्णय लेने एवं कार्यवाही के लिए वास्तविक समय में जानकारी और अलर्ट प्रदान करना
- त्वरित रिपोर्टिंग हेतु डैशबोर्ड की सुविधा प्रदान करना ।

**कार्ड प्रदर्शित करें।**

प्रतिभागियों को पोषण ट्रैकर के उपयोग के उद्देश्यों के बारे में बतायें और संभावित लाभों पर चर्चा करें।

वास्तविक समय निगरानी (रियल टाइम मॉनिटरिंग) प्रणाली के उपयोग तथा मैनुअल रिपोर्टिंग के अंतर चर्चा करें।



# ※पोषण ट्रैकर क्या है और किस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु विकसित किया गया है ?

## पोषण ट्रैकर क्या है ?

पोषण ट्रैकर मोबाइल फ़ोन आधारित एप्लीकेशन है
यह ऐप वास्तविक समय निगरानी (रियल टाइम मॉनिटरिंग) प्रणाली पर कार्य करता है




## पोषण ट्रैकर के उद्देश्य ?

- लाभार्थियों की सभी आवश्यक जानकारियाँ पंजीकृत करने में सुगमता
- आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का शून्य मैन्युअल कागज़ी कार्य
- पोषण सेवाओं की गुणवत्ता की वास्तविक समय में निगरानी
- अधिकारी स्तर को त्वरित निर्णय लेने में सहायता
- डैशबोर्ड पर त्वरित रिपोर्टिंग की प्राप्ति

# पोषण ट्रैकर को इनस्टॉल कैसे करें ?


प्रतिभागी अपने मोबाइल फ़ोन पर स्वयं गूगल प्ले स्टोर से पोषण ट्रैकर टाइप करके से पोषण ट्रैकर को डाउनलोड कर लें।
इनस्टॉल करने के पश्चात पोषण ट्रैकर को ओपन करें।

**कार्ड प्रदर्शित करें।**


प्रतिभागियों को उनके मोबाइल फ़ोन पर गूगल प्ले स्टोर से पोषण टैंकर डाउनलोड करने की विधि को विस्तार से समझायें। प्रतिभागियों को पोषण ट्रैकर डाउनलोड करने का अभ्यास कराएं।

# ※ पोषण ट्रैकर को इनस्टॉल कैसे करें ?

- गूगल प्ले स्टोर से पोषण ट्रैकर को डाउनलोड करें
- इनस्टॉल करने के पश्चात पोषण ट्रैकर को ओपन करें




गूगल प्ले स्टोर से सही एप्लीकेशन का चयन करें।



# पोषण ट्रैकर को लॉगिन करने का तरीका

**पोषण ट्रैकर ऐप को लॉगिन करने के चरण**

- अगर आंगनवाड़ी कार्यकत्री पहली बार लॉगिन कर रही है तो सबसे पहले अपना रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर अंकित करें। (कृपया चित्र –1 देखें)

- रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर अंकित करने पर कार्यकत्री को मोबाइल पर एक ओ टी पी प्राप्त होगा। चार अंको में प्राप्त ओ टी पी को निर्धारित समय के अंदर एंटर करें (चित्र – 2)

- सफलता पूर्वक ओ टी पी एंटर करने के बाद M PIN बनाने का निर्देश प्राप्त होगा। अपनी पसंद का चार अंको का M PIN बनाने के लिए दो बार चार अंक एंटर करने होंगे जिसके पश्चात् M PIN बन जायेगा। (चित्र – 3)

- अब आंगनवाड़ी कार्यकत्री अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर और M PIN के साथ पोषण ट्रैकर में लाभार्थियों और पोषण सेवाओं की एंट्री हेतु लॉगिन कर सकती है। (चित्र – 4)


  यदि आंगनवाड़ी कार्यकत्री M PIN भूल गयी है तो M PIN भूल गये लिंक पर क्लिक कर OTP के माध्यम नया M PIN रीसेट कर सकती है।

**कार्ड प्रदर्शित करें तथा चर्चा करें।**

अगर आंगनवाड़ी कार्यकत्री का मोबाइल नंबर पंजीकृत नहीं है तो ओटीपी प्राप्त नहीं होगा। ऐसी स्थिति में पोषण ट्रैकर डैशबोर्ड पर मोबाइल नंबर पंजीकृत कराया जा सकता है।


# ❋ पोषण ट्रैकर को लॉगिन करने का तरीका

चित्र : 1





रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त करें

चित्र : 2





चार अंको का ओ टी पी दर्ज करें

चित्र : 3




अपना चार अंको का M PIN बनायें।

चित्र : 4




रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर व् M PIN के साथ लॉगिन करें।

# पोषण ट्रैकर का होम पेज

सफलता पूर्वक लॉगिन के पश्चात होम पेज पर दो लिंक ( पहला लाभार्थी तथा दूसरा घर का दौरा करने का शेड्यूल बनाना दिखाई देंगे।

लभार्थी लिंक पर क्लिक करने पर ऐप विंडो पर 8 ग्रिड में आंगनवाड़ी केंद्र के सभी लाभार्थी समूहों व् दैनिक ट्रैकिंग सम्बन्धी सूचना प्रदर्शित होगी।

1. **गर्भवती महिलायें**
2. **धात्री महिलायें**
3. **0 से 6 माह के बच्चे**
4. **6 माह से 3 वर्ष के बच्चे**
5. **3 से वर्ष के बच्चे**
6. **किशोरी बालिकायें**
7. **दैनिक ट्रैकिंग**
8. **अनाथ बच्चे**

घर का दौरा करने का शेड्यूल बनाना लिंक पर क्लिक करने पर 6 ग्रिड में आंगनवाड़ी केंद्र के सभी लाभार्थियों के घर भ्रमण की कार्ययोजना के लिंक खुल जायेंगे। (इस पर विस्तृत चर्चा आगे करेंगे)

**विधि :** बड़े समूह में चर्चा और प्रदर्शन

कार्ड प्रदर्शित करें प्रशिक्षण प्रतिभागियों से **प्रश्न पूछें**

लाभार्थी की सही सूची और प्रदान की गयी सेवाओं की रिपोर्टिंग क्यों ज़रूरी हैं ?

सही समय पर सूची बनाने और सेवाओं की रिकॉर्डिंग के क्या लाभ हैं ?

प्रतिभागियों से चर्चा करते हुए उन्हें बतायें कि सही सूची बनाने का अर्थ है कि कोई लाभार्थी सूचीकरण से छूटे ना यदि हमारे सर्वे क्षेत्र का कोई लाभार्थी अगर सूचीबद्ध नहीं हो पता है तो वो पोषण सेवाओं से वंचित रह जायेगा। इसी प्रकार सही रिपोर्टिंग से लाभार्थी के पोषण स्तर की सही निगरानी की जा सकेगी।

समय पर सूची बनाने व् रिपोर्टिंग का आशय यह है कि यदि किसी लाभार्थी का समय पर सूचीकरण नहीं हो पता है तो समय अपर पोषण एवं स्वास्थ्य सेवा नहीं मिलने पर लाभार्थी के पोषण एवं स्वास्थ्य स्तर पर विपरीत असर पड़ सकता है। उदाहरण के लिए यदि कोई शिशु जन्म के समय पंजीकृत नहीं हुआ तो उस शिशु की पोलियो की जन्म खुराक समय पर बीसीजी टीका छूट जायेगा।

# ❖ पोषण ट्रैकर का होम पेज




## क्यों ज़रूरी है ?

सही सूची

सेवाओं की सही रिपोर्टिंग

समय पर सूची बनाना

सही समय से रिपोर्टिंग

लॉगिन के पश्चात होम पेज पर दो लिंक (पहला लाभार्थी तथा दूसरा घर का दौरा करने का शेड्यूल बनाना दिखाई देंगे।

# ग्रिड गर्भवती महिला – आंकड़े भरना

ग्रिड गर्भवती महिला लिंक पर क्लिक करने पर गर्भवती महिलाओं की दो प्रकार की सूचना प्रदर्शित होती है।

1–पूर्व में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की सूची

2–नया रजिस्ट्रेशन

किसी नई गर्भवती की पंजीकरण हेतु जानकारी भरने के लिए नया रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करके जानकारी भरें। इस फॉर्म में लाभार्थी का नाम, पति का नाम, आधार संख्या, मोबाइल नंबर, आयु गर्भ का माह एलमपी, एबॉर्शन की जानकारी भरें। (चित्र –4)

गर्भवती महिला के नाम के आगे तीन बिंदु (हैमबर्गर मेनू) पर क्लिक करने पर 4 प्रकार की सूचनाओं की इंट्री का विकल्प खुलता है। जो इस प्रकार है। (चित्र –3)

1–**प्रोफाइल अपडेट करें**– लाभार्थी का नाम, पति का नाम, आधार संख्या, मोबाइल नंबर, आयु गर्भ का माह ऐलएमपी आदि

2–**माइग्रेट प्रोफाइल** – गर्भपात (20 सप्ताह के भीतर, 20 सप्ताह बाद चिकित्सीय जटिलताओं के साथ), मृतजन्म, प्रसव की तिथि

3–**जानकारी एंटर करें** –

पोषण स्तर – वज़न, ऊंचाई, हीमोग्लोबिन।

**पोषक आपूर्ति (न्यूट्रिशन सप्लीमेंट्स)** – फोलिक एसिड, आयरन व् कैल्शियम वितरण की सूचना।

**पोषण हस्तक्षेप** – टीएचआर दिए जाने की सूचना ( कितने दिन दिया गया ), आप किस प्रकार की

स्वास्थ्य सेवा प्राप्त कर रहे हैं एलोपैथ होम्योपैथी या आयुष ?

4–**टीकाकरण की सूचना**

विधि : समूह में चर्चा और प्रदर्शन

कार्ड प्रदर्शित करें तथा चर्चा करें।


# ※ग्रिड गर्भवती महिला – आंकड़े भरना

प्रश्न – गर्भवती का पंजीकरण गर्भ के कौन से माह में होना चाहिए?

चित्र : 1




चित्र : 2




चित्र : 3




चित्र : 4




- गर्भवती ग्रिड पर क्लिक करें
- गर्भवती की सूची विंडो खुलती है
- लाभार्थी के नाम के सामने तीन बिंदु ( हैमबर्गर मेनू ) पर क्लिक सूचना अपडेट की जा सकती हैं
- नया रजिस्ट्रेशन पर क्लिक पर नए लाभार्थी को जोड़ा जा सकता है

# ग्रिड स्तनपान कराने वाली मातायें – आंकड़े भरना

ग्रिड स्तनपान कराने वाली मातायें लिंक पर क्लिक करने पर गर्भवती महिलाओं की दो प्रकार की सूचना प्रदर्शित होती है।

1–पूर्व में पंजीकृत स्तनपान कराने वाली माताओं की सूची

2–नया रजिस्ट्रेशन

किसी नई धात्री माता की पंजीकरण हेतु जानकारी भरने के लिए नया रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करके जानकारी भरें। इस फॉर्म में लाभार्थी का नाम, पति का नाम, आधार संख्या, मोबाइल नंबर, आयु, गर्भ का माह एलएमपी, एबॉर्शन की जानकारी भरें। (चित्र –4)

**धात्री माता के नाम के आगे तीन बिंदु (हैमबर्गर मेनू ) पर क्लिक करने पर 3 प्रकार की सूचनाओं की इंट्री का विकल्प खुलता है। जो इस प्रकार है।(चित्र –3)**

**1–प्रोफाइल अपडेट करें**– लाभार्थी का नाम, पति का नाम, आधार संख्या, मोबाइल नंबर, आयु ,प्रसव की तिथि, शिशु M / F

**2–जानकारी एंटर करें –**

**पोषण स्तर** – शिशु का जन्म के समय वज़न, पहले घंटे के अंदर स्तनपान, केवल स्तनपान की सूचना, धात्री माता की वज़न, ऊंचाई, हीमोग्लोबिन।

**पोषण आपूर्ति (न्यूट्रिशन सप्लीमेंट्स)** – शिशु का जन्म के समय वज़न, पहले घंटे के अंदर स्तनपान, केवल स्तनपान की सूचना, धात्री माता की वज़न, ऊंचाई, हीमोग्लोबिन।

**पोषण हस्तक्षेप** – टीएचआर दिए जाने की सूचना ( कितने दिन दिया गया ) ,आप किस प्रकार की स्वास्थ्य सेवा प्राप्त कर रहे हैं एलोपैथ होम्योपैथी या आयुष ?

**3–टीकाकरण की सूचना**


विधि : समूह में चर्चा और प्रदर्शन

कार्ड प्रदर्शित करें तथा चर्चा करें।

प्रतिभागियों से प्रश्न पूछें कि गर्भवती का पंजीकरण गर्भ के कौन से माह में होना चाहिए ?

प्रतिभागियों को बतायें कि गर्भवती का पंजीकरण गर्भ का पता चलते ही या गर्भ की प्रथम तिमाही में हो जाना चाहिए ।

# ग्रिड स्तनपान कराने वाली मातायें – आंकड़े भरना




चित्र : 1 — धात्री माता ग्रिड पर क्लिक करें

चित्र : 2 — धात्री माता की सूची विंडो खुलती है

चित्र : 3 — लाभार्थी के नाम के सामने तीन बिंदु ( हैमबर्गर मेनू ) पर क्लिक सूचना अपडेट की जा सकती हैं

चित्र : 4 — नया रजिस्ट्रेशन पर क्लिक पर नए लाभार्थी को जोड़ा जा सकता है

# ❋ ग्रिड 0 से 06 माह के बच्चे – आंकड़े भरना

**ग्रिड 0 से 06 माह के बच्चे लिंक पर क्लिक करने पर 0 से 06 माह के बच्चो की दो प्रकार की सूचना प्रदर्शित होती है।**

**1–पूर्व में पंजीकृत 0 से 06 माह के बच्चो की सूची**

**2–नया रजिस्ट्रेशन**

किसी नई 0 से 06 माह के बच्चे की पंजीकरण हेतु जानकारी भरने के लिए नया रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करके जानकारी भरें। इस फॉर्म में लाभार्थी की जिसमें बेसिक जानकारी जैसे – बच्चे का नाम,जन्म की तिथि, पिता व् माता का नाम व् मोबाइल नंबर आदि जानकारियाँ भरी जाएँगी। (चित्र –4)

**0 से 06 माह के बच्चे के नाम के आगे तीन बिंदु (हैमबर्गर मेनू) पर क्लिक करने पर 3 प्रकार की सूचनाओं की इंट्री का विकल्प खुलता है। जो इस प्रकार है। (चित्र –3)**

**1–प्रोफाइल अपडेट करें–** प्रोफाइल में बच्चे का नाम, आधार संख्या , स्वास्थ्य आईडी , जन्म की तिथि, लिंग, पिता व् माता का नाम व् मोबाइल नंबर, वज़न जन्म के समय ऊंचाई की माप, आदि ठीक की जा सकती हैं।

**2–जानकारी एंटर करें –**

**पोषक आपूर्ति (न्यूट्रिशन सप्लीमेंट्स)** – फोलिक एसिड, आयरन व् कैल्शियम वितरण की सूचना।

**पोषण हस्तक्षेप** – क्या बच्चा अर्ध ठोस आहार ले रहा है, हीमोग्लोबिन का स्तर, आप किस प्रकार की स्वास्थ्य सेवा प्राप्त कर रहे हैं एलोपैथ होम्योपैथी या आयुष ?

**3–विकास की निगरानी / ग्रोथ मॉनिटरिंग** – लम्बाई व् वज़न की सूचना भरी जाएगी।

**4–टीकाकरण की सूचना**

विधि : समूह में चर्चा और प्रदर्शन

कार्ड प्रदर्शित करें तथा चर्चा करें।

प्रतिभागियों को बतायें कि 0 से 06 माह के बच्चों की जानकारियाँ हैमबर्गर मेनू को क्लिक करके कैसे भरनी हैं।

# ✽ ग्रिड 0 से 06 माह के बच्चे – आंकड़े भरना

चित्र : 1





0 से 06 माह के बच्चे ग्रिड पर क्लिक करें

चित्र : 2





0 से 06 माह के बच्चे की सूची विंडो खुलती

चित्र : 3




लाभार्थी के नाम के सामने तीन बिंदु ( हैमबर्गर मेनू ) पर क्लिक सूचना अपडेट की जा सकती हैं

चित्र : 4




नया रजिस्ट्रशन पर क्लिक पर नए लाभार्थी को जोड़ा जा सकता है

## ❖ ग्रिड 06 माह से 3 वर्ष व् 3 से वर्ष 6 के बच्चे – आंकड़े भरना

**06 माह से 3 वर्ष व् 3 से वर्ष 6 के बच्चो के इंट्री फॉर्म सामान हैं। ग्रिड लिंक पर क्लिक करने पर दो प्रकार की सूचना प्रदर्शित होती है।**

**1–पूर्व में पंजीकृत 06 माह से 3 वर्ष अथवा 3 से वर्ष 6 के बच्चो की सूची**

**2–नया रजिस्ट्रेशन**

किसी नये बच्चे की पंजीकरण हेतु जानकारी भरने के लिए नया रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करके जानकारी भरें। इस फॉर्म में लाभार्थी की जिसमें बेसिक जानकारी जैसे – बच्चे का नाम, आधार संख्या, स्वास्थ्य आईडी, जन्म की तिथि, लिंग, तथा पिता व् माता का नाम व् मोबाइल नंबर आदि जानकारियाँ भरी जाएँगी। (चित्र –5)

**बच्चे के नाम के आगे तीन बिंदु (हैमबर्गर मेनू ) पर क्लिक करने पर 4 प्रकार की सूचनाओं की इंट्री का विकल्प खुलता है। जो इस प्रकार है। (चित्र –4)**

**1–प्रोफाइल अपडेट करें**– प्रोफाइल में बच्चे का नाम, आधार संख्या , स्वास्थ्य आईडी, जन्म की तिथि, लिंग, पिता व् माता का नाम व् मोबाइल नंबर, आदि ठीक की जा सकती हैं।

**2–जानकारी एंटर करें –**

**पोषक आपूर्ति (न्यूट्रिशन सप्लीमेंट्स)** – फोलिक एसिड, आयरन व् कैल्शियम वितरण की सूचना।

**पोषण हस्तक्षेप** – क्या बच्चा अर्ध ठोस आहार ले रहा है (केवल 06 माह से 3 वर्ष वाले बच्चों हेतु पूछा जाता है ), क्या बच्चे को अतिरिक्त अनुपूरक भोजन मिल रहा है ? हीमोग्लोबिन का स्तर, आप किस प्रकार की स्वास्थ्य सेवा प्राप्त कर रहे हैं एलोपैथ होम्योपैथी या आयुष ?

**3–विकास की निगरानी / ग्रोथ मॉनिटरिंग** – लम्बाई व् वज़न की सूचना भरी जाएगी।

**4–टीकाकरण की सूचना**

विधि : समूह में चर्चा और प्रदर्शन

कार्ड प्रदर्शित करें तथा चर्चा करें।

प्रतिभागियों को बतायें कि 06 माह से 3 वर्ष व् 3 से वर्ष 6 के बच्चों की जानकारियाँ हैमबर्गर मेनू को क्लिक करके कैसे भरनी हैं। 06 माह से 3 वर्ष की जानकारी में अर्ध ठोस आहार से सम्बंधित प्रश्न अतिरिक्त पूछा गया है।

# ※ ग्रिड 06 माह से 3 वर्ष व् 3 से वर्ष 6 के बच्चे – आंकड़े भरना

चित्र : 1 | चित्र : 2 | चित्र : 3 | चित्र : 4 | चित्र : 5




06 माह से 3 वर्ष के बच्चो की सूची विंडो खुलती है

समूह के ग्रिड पर क्लिक करें

3 से 6 वर्ष के बच्चों की सूची विंडो खुलती है

लाभार्थी के नाम के सामने तीन बिंदु (हैमबर्गर मेनू) पर क्लिक सूचना अपडेट की जा सकती हैं

नया रजिस्ट्रेशन पर क्लिक पर नए लाभार्थी को जोड़ा जा सकता है

# ग्रिड किशोरवय लड़कियाँ – आंकड़े भरना

**किशोरियों बालिकाओं के ग्रिड लिंक पर क्लिक करने पर गर्भवती महिलाओं की दो प्रकार की सूचना प्रदर्शित होती है।**

**1–पूर्व में पंजीकृत किशोरी बालिकाओं की सूची**

**2–नया रजिस्ट्रेशन**

किसी नई किशोरी बालिका की पंजीकरण हेतु जानकारी भरने के लिए नया रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करके जानकारी भरें। इस फॉर्म में लाभार्थी का नाम, पिता और माता का नाम, आधार संख्या, स्वास्थ्य आईडी, जन्म की तिथि मोबाइल नंबर, की जानकारी भरें। (चित्र –4)

**किशोरी बालिका के नाम के आगे तीन बिंदु (हैमबर्गर मेनू) पर क्लिक करने पर 4 प्रकार की सूचनाओं की इंट्री का विकल्प खुलता है। जो इस प्रकार है। (चित्र –3)**

**1–प्रोफाइल अपडेट करें–** लाभार्थी का नाम, पिता और माता का नाम, आधार संख्या, मोबाइल नंबर, आयु

**2–जानकारी एंटर करें –**

**पोषण स्तर – वज़न, ऊंचाई, हीमोग्लोबिन।**

**पोषक आपूर्ति (न्यूट्रिशन सप्लीमेंट्स)** – फोलिक एसिड, आयरन व् कैल्शियम वितरण की सूचना।

**पोषण हस्तक्षेप** – टीएचआर दिए जाने की सूचना (कितने दिन दिया गया), आप किस प्रकार की स्वास्थ्य सेवा प्राप्त कर रहे हैं एलोपैथ होम्योपैथी या आयुष ?

**3–विकास की निगरानी / ग्रोथ मॉनिटरिंग** – लम्बाई व् वज़न की सूचना भरी जाएगी।

**4–टीकाकरण की सूचना**

विधि : समूह में चर्चा और प्रदर्शन

कार्ड प्रदर्शित करें तथा चर्चा करें।

प्रतिभागियों के साथ किशोरवय लड़कियों से सम्बंधित भरी जाने वाली सूचना की व्याख्या करें।

# ※ ग्रिड किशोरवय लड़कियाँ – आंकड़े भरना

चित्र : 1





किशोरियों के ग्रिड पर क्लिक करें

चित्र : 2




पंजीकृत किशोरियों की सूची विंडो खुलती है

चित्र : 3




लाभार्थी के नाम के सामने तीन बिंदु ( हैमबर्गर मेनू ) पर क्लिक सूचना अपडेट की जा सकती हैं

चित्र : 4




नया रजिस्ट्रेशन पर क्लिक पर नए लाभार्थी को जोड़ा जा सकता है

## ग्रिड दैनिक ट्रैकिंग – आंकड़े भरना

आंगनवाड़ी केंद्रों द्वारा प्रदान की जानी पोषण सेवाओं की डेली ट्रैकिंग (दैनिक निगरानी) हेतु पोषण ट्रैकर एप में 5 फार्म्स में सूचना एकत्र करने का प्रावधान किया गया है। डेली ट्रैकिंग हेतु निम्नलिखित फार्म्स में सूचना भरी जाती है।

1. क्या केंद्र खोला गया हाँ/नहीं
2. उपस्थिति/हाज़री
3. हॉट कुक्ड मील
4. सुबह का स्नैक्स
5. गतिविधि

**आंगनवाड़ी केंद्र खोला गया हाँ/नहीं** – इस फार्म में सुबह को आंगनवाड़ी केंद्र खोलने की स्थिति दर्ज करनी है। इस इंट्री में एक बार हाँ या नहीं दर्ज करने पर दोबारा बदलाव नहीं किया जा सकता है।

**उपस्थिति/हाज़री** – केन्द्र पर आये बच्चों की उपस्थिति दर्ज करने वाले इस फार्म में सभी पंजीकृत बच्चो की सूची दिखाई देती है तथा सभी बच्चों के नाम के आगे एक चेक बॉक्स को टिक लगाकर उपस्थिति को दर्ज किया जा सकता है।

**हॉट कुक्ड मील** – आंगनवाड़ी केन्द्रो के माध्यम से 03 से 06 वर्ष के बच्चों को दोपहर मैन गर्म पका पकाया खाना परोसे जाने का विवरण इस फार्म में दर्ज किया जाता है।

**सुबह का स्नैक्स** – दैनिक ट्रैकिंग में तीसरा फार्म सुबह के स्नैक वितरण की स्थिति को दर्ज करने हेतु दिया गया है इसमें भी चेक बॉक्स में टिक लगा कर सुबह का स्नैक खाने वाले बच्चों का विवरण अंकित किया जाता है।

**गतिविधि** – इस फार्म में ज्ञान संबंधी कौशल और व्यक्तिगत स्वच्छता विषयों पर की गयी गतिविधियाँ, बैठकों या पोषण हेतु संचार गतिविधियों का विवरण दर्ज किया जाता है।

**विधि : समूह में चर्चा और प्रदर्शन**

कार्ड प्रदर्शित करें तथा डेली ट्रैकिंग (दैनिक निगरानी) हेतु भरे जाने वाले फॉर्म पर चर्चा करें।


# ※ ग्रिड दैनिक ट्रैकिंग – आंकड़े भरना

चित्र : 1




क्या केंद्र खोला गया हाँ / नहीं

चित्र : 2




उपस्थिति / हाज़री

चित्र : 3




हॉट कुक्ड मील

चित्र : 4




सुबह का स्नैक्स

चित्र : 5




गतिविधि

## अनाथ बच्चे

अनाथ बच्चे के ग्रिड पर क्लिक करने पर पंजीकृत अनाथ बच्चों की सूची खुलेगी।
अनाथ बच्चे को जोड़ें लिंक पर क्लिक करने पर नए अनाथ बच्चों की सूचना भरने का फॉर्म खुल जायेगा जिसमें अनाथ बच्चे का नाम, उसकी आयु, लिंग, संपर्क व्यक्ति का नाम, संपर्क व्यक्ति का मोबाइल नंबर,बच्चे की माता व् पिता का नाम, क्या माता पिता की मृत्यु हो गयी है तथा क्या कोई राहत दी है आदि बिन्दुओ पर सूचना भरने पर अनाथ बच्चों का पंजीकरण हो जायेगा।


**विधि : समूह में चर्चा और प्रदर्शन**

कार्ड प्रदर्शित करें तथा अनाथ बच्चों की भरी जाने वाली सूचना की व्याख्या करें।

# ❋ अनाथ बच्चे




अनाथ बच्चो के ग्रिड पर क्लिक करें।




अनाथ बच्चे को जोड़ें पर क्लिक पर नए लाभार्थी को जोड़ा जा सकता है।




सभी जानकारियाँ भर कर सबमिट करें।

## घर का दौरा करने का शेड्यूल बनाना

आंगनवाड़ी कार्यकत्री के सर्वे क्षेत्र में सुव्यवस्थित तरीके से सभी लाभार्थियों के घरों पर समय से भ्रमण सुनिश्चित करने के लिए पोषण ट्रैकर में घर का दौरा करने का शेड्यूल का प्रावधान किया गया है। 'घर का दौरा करने का शेड्यूल बनाना' लिंक पर क्लिक करने पर लाभार्थी की श्रेणीवार सूची मिल जाती है। किसी भी लाभार्थी समूह के ग्रिड पर क्लिक करने पर निम्नलिखित 3 प्रकार की भ्रमण सूची प्राप्त होती है।

1. आज तक के लिए लागू
2. आगामी भ्रमण
3. देर

**आज तक के लिए लागू** लिंक पर क्लिक करने पर आज विजिट किये जाने वाले लाभार्थियों की सूची खुलेगी। इस सूची में उपलब्ध किसी भी लाभार्थी के नाम पर क्लिक करने पर विजिट करने की तारिख की पॉप अप विंडो खुलती है। भ्रमण की तारीख टाइप करके सबमिट करने पर उस लाभार्थी का भ्रमण दर्ज हो जाता है।

**आगामी भ्रमण** वाले लिंक को खोलने पर आगामी भ्रमणों हेतु लाभार्थियों के नाम सूची प्रदर्शित होती है। परन्तु किसी भी लाभार्थी के यहाँ भविष्य के भ्रमण प्लान की दिनांक को आज के दिन विजिट पूर्ण होना अंकित करने का विकल्प नहीं मिलता है।


**देरी वाले भ्रमण** के लिंक में आज की तिथि में भ्रमण करके भ्रमण की तिथि दर्ज करने का विकल्प उपलब्ध रहता है।

**विधि : समूह में चर्चा और प्रदर्शन**

कार्ड प्रदर्शित करें तथा घर का दौरा करने के शेड्यूल को विस्तार से समझायें।


# ❋ घर का दौरा करने का शेड्यूल बनाना

चित्र : 1




भ्रमण किये जाने वाले लाभार्थी के ग्रिड पर क्लिक करें

चित्र : 2




आज तक के लिए लागू भ्रमण पर क्लिक करें

चित्र : 3




भ्रमण के पश्चात् भ्रमण की तिथि सबमिट करें

## तीन प्रकार की भ्रमण सूची

- आज तक के लिए लागू भ्रमण
- आगामी भ्रमण
- देरी वाले भ्रमण

## मॉनिटरिंग चेकलिस्ट

पोषण ट्रैकर ऐप में नीचे की और आंगनवाड़ी केंद्र की स्थिति लिंक पर क्लिक करें। इस लिंक के खुलने पर केवल वही दिन प्रदर्शित होता है जिस दिन के लिये चैकलिस्ट का चयन किया जा रहा है। तिथि का चयन करने के पश्चात् चार प्रकार की चेकलिस्ट भरने का विकल्प प्राप्त होता है। ये चार फॉर्म इस प्रकार से हैं।

**1. स्वच्छता और सुरक्षा–** इस लिंक में इन प्रश्नों का उत्तर सबमिट करना होता है। आंगनवाड़ी केंद्र की सफ़ाई क्या रोज़ होती है? रसोईघर/किचिन रोज़ साफ़ रखा जाता है ? क्या भण्डारण क्षेत्र को कृन्तकों कीटो और पतंगों से मुक्त रखा गया है ? क्या राज्य के निर्देशों के अनुसार भण्डारण किया है ? कीटाणुनाशक, कीटनाशक अलग से संग्रहित और लेबल किये जाते हैं? चारकोल और केरोसिन तेल अलग से संग्रहित किया गया ? परिसर में पोर्टेबल पानी की उपलब्धता ?

**2. खाद्य सुरक्षा और हैंडलिंग** – इस लिंक के अंतर्गत खाना पकाने का स्थान स्वच्छ है या नहीं ? बर्तन और साधन की सफ़ाई, खरीदी गयी सामग्री की गुणवत्ता, आयोडीन युक्त नमक, मसाले, ताज़ी सब्ज़ियाँ, दलहन चीनी /गुड़ की उपलब्धता, व्यक्तिगत स्वच्छता, उचित व्यवहार, हाथ धोने की प्रथा का पालन, भोजन साफ़ प्लेट और कटोरों में परोसा जाता है या नहीं? अतिरिक्त भोजन और कचरे का सुरक्षित निपटान, कार्य पश्चात् केंद्र की सफ़ाई आदि प्रश्न पूछे जाते हैं।

**3. खाद्य सुरक्षा और हैंडलिंग –THR:** AWW द्वारा प्राप्त भोजन की गुणवत्ता दिशानिर्देशों अनुसार है या नहीं, राज्य दिशानिर्देशों के अनुसार लेबलिंग है या नहीं।

**4. रिकॉर्ड और रजिस्टर** : इस लिंक के अंतर्गत पूछे जाने वाले प्रश्न – स्टॉक रिकॉर्ड बना है या नहीं ? अनुरक्षित सामग्री का विवरण स्थानीय रूप से ख़रीदा/ FCI से प्राप्त हुआ/ प्रोसेसिंग यूनिट से प्राप्त हुआ, AWC में सफ़ाई सामग्री, साबुन आदि की खरीद का विवरण है। AWC में कीटाणुनाशक, रोगाणुनाशक आदि की खरीद का विवरण है या नहीं ।

**विधि : समूह में चेकलिस्ट के प्रश्नों को एक–एक कर चर्चा करें।**

# ❋ मॉनिटरिंग चेकलिस्ट




AWC की स्थिति पर क्लिक करें




क्लिक करने पर चार चेकलिस्ट के विकल्प खुल कर आयेंगे



# ※ AWC इंफ्रा ( आंगनवाड़ी केंद्र पर मूलभूत सुविधायें )

**AWC इन्फ्रा टैब में आंगनवाड़ी कार्यकत्री द्वारा कुल 5 चेकलिस्ट पर सूचना भरी जानी है।**

1 . **मूल भूत लागत विवरण** – भवन किराये पर है या विभाग का स्वामित्व है या सामुदायिक भवन जैसे स्कूलपंचायत घर या खुला स्थान, केंद्र शहरी है या ग्रामीण है। किराया कितना है।

2 . **बिल्डिंग का विवरण** – बिल्डिंग का प्रकार कच्चा या पक्का, साईट की उपलब्धता, साइट विभाग को सौंप दी गयी।

3 . **बिल्डिंग की सुविधा का विवरण** – स्टोर रूम, रसोई,पौधे,पौधों की जगह, वाल पेंटिंग, पेयजल कनेक्शन, पानी का फ़िल्टर, स्थापित मोटर, सौर सुविधा, खेल का मैदान,किचन गार्डन,सौर रोशनी,बिजली की रोशनी,सौर पंखा,बिजली का पंखा, कंपाउंड, बाल वाटिका, प्लेट्, गिलास, बर्तन मैट/चटाई /आसन ऐसी, प्रेशर कुकर, कुकर का प्रकार, माँ और बच्चे का वज़न स्केल, इन्फेंट हेतु वज़न स्केल, इंफेंटो मीटर, स्टैडियोमेटर, गैस कनेक्शन, सिलेंडर की संख्या, शौचालय, क्या नए शौचालय की मंजूरी प्राप्त हुयी है? पानी का कनेक्शन

4 . **बिल्डिंग की मरम्मत का विवरण** – मरम्मत व् पुताई की स्थिति।

5 . **बिल्डिंग के उन्नयन का विवरण** – क्या बिल्डिंग पहले से उन्नत/अपग्रेड की गयी है? क्या भविष्य में उन्नयन की आवश्यकता है ?

**विधि : समूह में चर्चा और प्रदर्शन**

कार्ड प्रदर्शित करें तथा आंगनवाड़ी केंद्र पर मूलभूत सुविधाओं से सम्बंधित पांचों चेकलिस्ट पर विस्तार से चर्चा करें।

# ※ AWC इंफ्रा ( आंगनवाड़ी केंद्र पर मूलभूत सुविधायें )




**AWC** इंफ्रा पर क्लिक करें।

1 – मूल भूत लागत विवरण – भवन किराये पर है या विभाग का स्वामित्व है या सामुदायिक भवन जैसे स्कूलपंचायत घर या खुला स्थान, केंद्र शहरी है या ग्रामीण है। किराया कितना है।

2 – बिल्डिंग का विवरण – स्थान की उपलब्धता, साइट विभाग को सौंप दी गयी या नहीं।

3 – बिल्डिंग की सुविधा का विवरण –पोषाहार रखने का स्थान, पेयजल, बिजली और टॉयलेट आदि की स्थिति।

4 – बिल्डिंग की मरम्मत का विवरण – मरम्मत व् पुताई की स्थिति।

5 – बिल्डिंग के उन्नयन का विवरण।

# अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ

**अधिक लिंक पर क्लिक करने पर इन कुल 10 महत्त्वपूर्ण जानकारियों के लिंक खुलते हैं**

प्रोफाइल अपडेट करें – प्रोफाइल में कार्यकत्री अपना आधार संख्या,जन्म तिथि, लिंग, ईमेल, कार्य अनुभव के वर्ष व् शैक्षिक योग्यता को अपडेट कर सकती है परन्तु आंगनवाड़ी कार्यकत्री का नाम, मोबाइल नंबर, केंद्र का नाम, केंद्र का कोड कार्यकत्री स्तर से परिवर्तित नहीं क्या जा सकता है।

संसाधन – इस लिंक पर जा कर पोषण ट्रैकर से सम्बंधित शैक्षणिक सामग्री, मंत्रालय के दिशानिर्देश आदि डाउनलोड किये जा सकते हैं।

घटनायें – इस लिंक पर केंद्र स्तर पर आयोजित योग दिवस, वीएचएसएन्डी तथा सीबीई गतिविधियों की जानकारी भरी जाती है।

एमपीआईएन दोबारा निर्धारित – यदि आंगनवाड़ी कार्यकत्री M PIN दोबारा बदलना चाहती है तो ऐप में नीचे की ओर 'अधिक' नामक लिंक पर क्लिक करें तथा M PIN दोबारा निर्धारित का चयन कर OTP के माध्यम से M PIN बदल सकती है।

**Beneficiary Redressal** – इस लिंक पर आंगनवाड़ी कार्यकत्री को लाभार्थी द्वारा पोषण ट्रैकर के पोर्टल पर जा कर दर्ज करायी गयी शिकायत का विवरण मिलता है। आंगनवाड़ी कार्यकत्री प्राप्त शिकायत का निवारण कर उसका ब्यौरा यहाँ दर्ज आकर सकती है। ये कार्य अभी प्रक्रिया में है।

**Beneficiary Migration** – इस लिंक के माध्यम से दूसरे केंद्र के लाभार्थी को अपने आँगनवाड़ी केंद्र पर माइग्रेट कर सकते हैं।

एक मुद्दा है ? – इस लिंक पर जा कर कार्यकत्री अपनी समस्या या मुद्दा अधिकतम 250 अक्षरों में दर्ज कर सकती है।

**AWC** उपयोगकर्ता –इस लिंक से पोषण ट्रैकर ऐप के नये उपयोगकर्ता को जोड़ा जा सकता है।

सेलेक्ट लैंग्वेज – इस लिंक द्वारा ऐप की भाषा का चयन किया जा सकता है।

लॉगआउट – यहाँ से ऐप को लॉग आउट (बंद) किया जा सकता है।

विधि : समूह में चर्चा और प्रदर्शन

सभी महत्वपूर्ण जानकारियों पर विस्तार से चर्चा करें।

# ※ अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ




अधिक लिंक पर क्लिक करने पर इन कुल 10 महत्त्वपूर्ण जानकारियों के लिंक खुलते हैं

- प्रोफाइल अपडेट करें
- संसाधन
- घटनायें
- एमपीआईएन दोबारा निर्धारित
- Beneficiary Redressal
- Beneficiary Migration
- एक मुद्दा है ?
- AWC उपयोगकर्ता
- सेलेक्ट लैंग्वेज
- लॉगआउट

एच.सी.एल समुदाय, ग्रामीण भारत के उत्थान के लिए एच.सी.एल फ़ाउंडेशन की प्रतिबद्धता है। 2015 में स्थापित 'समुदाय' परियोजना राज्य सरकार, स्थानीय समुदायों, गैर सरकारी संगठनों, बौद्धिक संस्थानों और संबद्ध भागीदारों के साथ साझेदारी में ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास हेतु कार्य कर रही है। वर्तमान में 'समुदाय' परियोजना के अंतर्गत हरदोई जनपद के विभिन्न विकास खंडों में अपने स्वास्थ्य, आजीविका, कृषि, शिक्षा, पेयजल एवं स्वच्छता, पंचायती राज, सौर ऊर्जा आदि के माध्यम से सामुदायिक विकास संबंधी कार्यों को किया जा रहा है।
स्वास्थ्य काययक्रमों के अंतर्गत सचल स्वास्थ्य सेवाओं, प्रसव केंद्रों, आदर्श ग्राम स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता दिवसों का आयोजन, टेलीमेडिसिन, स्वास्थ्य सेवाओं के संवर्धीकरण, जागरूकता कार्यक्रमों, किशोरी स्वास्थ्य, आदर्श आगनवाड़ी केन्द्रों की स्थापना, पोषण शिविरों एवं क्षय रोग कार्यक्रमों का संचालन स्वास्थ्य विभाग एवं ग्राम पंचायतों के साथ किया जा रहा है।
पोषण कार्यक्रमों के अंतर्गत पोषण शिविरों का आयोजन किया जाता है जिसमे अतिकुपोषित बच्चों को गृह आधारित हस्तक्षेपों के माध्यम से सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।
अपने अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम में आगनवाड़ी केन्द्रों के उच्चीकरण पर कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सेवाओं एवं सुविधाओ को बाल मित्रवत एवं अनुकूल बनाते हुए ICDS कार्यक्रमों द्वारा दी जा रही 6 अनिवार्य सेवाओं को गुणवत्तापूर्ण बनाना है।
ये मॉड्यूल 'पोषण कार्यक्रम' के अंतर्गत विकसित किया गया है।


परिकल्पना, मार्गदर्शन एवं सहयोग
श्री योगेश कुमार, ऑपरेशन हैड, एचसीएल फाउंडेशन,
श्री जयशंकर राय, श्री फायक़ अल्वी, डॉ. सौरभ तिवारी,
डॉ. आयशा आलम, श्री शशिकांत शिवहरे (एचसीएल फाउंडेशन)
लेखन एवं सम्पादन
मुस्तफा कमाल, फ्रीलॉन्स पब्लिक हैल्थ कंसलटेंट, डायरेक्टर AHEAD इंडिया ट्रस्ट
द्वारा एचसीएल फाउंडेशन के लिए निर्मित


POSHAN Abhiyaan
PM's Overarching Scheme for Holistic Nourishment
सही पोषण - देश रोशन

HCL FOUNDATION

HCL Samuday